दिन– रविवार दिनांक– 22 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश की विभिन्न नदियों के जलस्तर में उतार–चढाव के बीच भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय और बेगूसराय जिले के नये इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

02. जमालपुर–भागलपुर रेलखंड पर पानी आने से पटना–दुमका समेत चार रेलगाड़ियां रद्द। कई रेलगाड़ियों के मार्ग बदले।

03. प्रदेश में जमीन सर्वे के दस्तावेजों को तैयार करने के लिए रैयतों को तीन महीने की मोहलत मिलेगी।

04. और, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– राज्य में अगले नब्बे दिन में चार सौ करोड़ रूपये की लागत से एक सौ दस नये अस्पतालों का उद्‌घाटन होगा।

---

प्रदेश की विभिन्न नदियों के जलस्तर में उतार–चढाव के बीच नये इलाकों में बाढ़ का पानी फैल रहा है। भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय और बेगूसराय जिले में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। वहीं, बक्सर, आरा, पटना और हाजीपुर में नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गयी है। मुंगेर–भागलपुर एनएच पर एक से डेढ़ फीट तक पानी बह रहा है। वहीं, सबौर के फरका के पास एनएच अस्सी की सड़क लगभग बीस फीट धंस गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जमालपुर–भागलपुर रेलखंड पर पुल सं.–एक सौ पंचानवे के ग्रिडर तक बाढ़ का पानी पहुंच जाने के कारण पूर्व मध्य रेलवे ने कई रेलगाड़ियों का परिचालन रद्द कर दिया है। वहीं, कई रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि पटना–दुमका–पटना एक्सप्रेस, सरायगढ़–देवघर–सरायगढ़ पैसेंजर स्पेशल, जमालपुर–किउल–जमालपुर मेमू पैसेंजर और भागलपुर–दानापुर–भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है।

वहीं, भागलपुर–आनंद विहार विक्रमशिला एक्सप्रेस, हावड़ा–गया एक्सप्रेस, सूरत–भागलपुर एक्सप्रेस और गांधीधाम–भागलपुर स्पेशल ट्रेन परिवर्तित मार्ग बांका–जसीडीह के रास्ते चलायी जा रही है। इधर, आनंद विहार–मालदा टाउन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जमालपुर–मुंगेर–कटिहार–मालदा टाउन के रास्ते चलायी जायेगी। इसके साथ ही दिल्ली–कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल का परिचालन परिवर्तित मार्ग जमालपुर–मुंगेर–कटिहार के रास्ते होगा। कई अन्य रेलगाड़ियों का आंशिक समापन भी किया जा रहा है। इधर, पटना शहर में गंगा नदी में उफान के कारण गांधी घाट, दीघा

घाट, कंगन घाट के निचले इलाके बाढ़ में डूब गये हैं। वहीं, अथमलगोला, बख्तियारपुर और मनेर में भी बड़ी संख्या में लोगों को घर छोड़कर पलायन करना पड़ा है। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए और किसानों के पशुओं के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। इधर, बेगूसराय में बलिया, मटिहानी, तेघड़ा सहित आठ प्रखंड में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। बेगूसराय के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि लगभग छिहत्तर हजार लोग बाढ़ के कारण प्रभावित हुए हैं। प्रभावित लोगों के लिए सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है।

---बाईट---

खगड़िया जिला में गंगा और गंडक के जलस्तर में रिकॉर्ड वृद्धि से नदी के तटवर्ती इलाकों में गम्भीर स्थिति बनी हुई है। एक रिपोर्ट–

---बाईट---

जिले में गंगा और गंडक के जलस्तर में वृद्धि से नए इलाकों में पानी लगातार बढ़ रहा है। परवत्ता, गोगरी, खगड़िया और मानसी के 22 पंचायत और शहरी क्षेत्र में नगर परिषद के 3 वार्ड की करीब 27 हजार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है। प्रभावित इलाकों में आवागमन को लेकर 73 नावों का परिचालन कराए जाने के साथ साथ 12 सामुदायिक किचन का संचालन किया जा रहा है। बाढ़ पीड़ितों के बीच अब तक करीब पांच हजार पॉलीथिन शीट का वितरण किया जा चुका है। पर्याप्त दवाओं के साथ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। गंगा में आई उफान से जी एन बांध पर पानी के बढ़ते दबाब से कुछ स्थानों पर रिसाव की खबर के बाद बाढ़ नियंत्रण विभाग के अभियंता चौकस हैं, और निरोधात्मक कार्य को लेकर कार्रवाई कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

मुंगेर में भी कई इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिले के कुतलुपुर, जाफरनगर, टीकारामपुर सहित कई निचले इलाके बाढ़ से प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार पटना, सारण, भोजपुर, बेगूसराय, वैशाली और बक्सर समेत राज्य के बारह जिलों की दस लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। विभाग और स्थानीय प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाये जा रहे हैं। प्रभावित इलाकों में लोगों के लिए एक सौ पच्चीस सामुदायिक रसोई घर संचालित किये जा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों के बीच पॉलिथिन शीट और दवाईयों समेत अन्य जरूरी सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। आवागमन के लिये एक हजार दो सौ अस्सी नावों का परिचालन किया जा रहा है।

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में चल रहे जमीन सर्वे के दस्तावेजों को तैयार करने के लिए रैयतों की तीन महीने की मोहलत दी

जायेगी। इसके बाद ही सर्वे का कार्य शुरू होगा। कल पूर्णियां में संवाददाताओं से बातचीत में श्री जायसवाल ने कहा कि इस संबंध में जल्द ही नोटिस जारी कर दिया जायेगा।

---बाईट---

श्री जायसवाल ने कहा कि बेतिया राज की सम्पत्ति को लेकर विधानमंडल में नया विधेयक लाया जायेगा। विधेयक के पारित होने के बाद बेतिया राज को लेकर विभिन्न अदालतों में चल रहे मामले निष्क्रिय माने जायेंगे।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य में अगले तीन माह में एक सौ दस नये अस्पतालों का उद्घाटन होगा। स्वास्थ्य भवन में समीक्षा बैठक के दौरान श्री पांडेय ने कहा कि इन अस्पतालों का निर्माण चार सौ करोड़ रूपये की लागत से हुआ है। इनमें पांच जिला मॉडल अस्पताल समेत मातृ–शिशु अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शामिल हैं।

---

आयुष्मान दिवस की छठी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर आज स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे मुख्य मंत्री जन आरोग्य योजना का शुभारम्भ करेंगे। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। वहीं, राज्य में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कल से पच्चीस सितम्बर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत दस लाख नये कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

---

सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम के पुनर्विकास से संबंधित परियोजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पुनौराधाम में अयोध्या की सीधी सम्पर्कता के लिए प्रस्तावित राम जानकी पथ निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिये। श्री कुमार ने कहा कि मंदिर परिसर में सौदर्यीकरण कार्य को सुनियोजित तरीके से करवाया जाये, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

---

नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के शुरुआती सौ दिनों में बुनियादी ढांचे, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की हैं। सरकार ने समाज कल्याण के लिए भी कई कदम उठाए हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

---वी/सी---

---

केंद्र सरकार ने युवाओं में तंबाकू के सेवन की समस्या से निपटने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है। इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय ने तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों के संबंध में दिशानिर्देश और मैनुअल के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने को कहा है।

———बाईट———

केंद्र सरकार द्वारा जारी परामर्श में तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों को रेखांकित किया गया है इसमें विशेष रूप से नाबालिगों और युवाओं को तंबाकू और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के उपयोग से बचाने के लिए तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थान दिशा निर्देश जारी किए गए हैं इस परामर्श में ग्लोबल युक्त टबैको सर्वे 2019 के निष्कर्षों के हवाले से विशेष रूप से बच्चों और किशोरों पर तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों का उल्लेख किया गया है इसका लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर और शैक्षिक संस्थानों में तंबाकू नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देकर भावी पीढ़ियों की रक्षा करना है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

प्रदेश में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटो के दौरान डेंगू के एक सौ चालीस नये मामलों की पुष्टि हुयी है। पटना में अस्सी मरीज मिले हैं। राज्य में अबतक डेंगू के दो हजार तीन सौ ग्यारह मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन स्थित बाकी गांव में दो पक्षों के हुई जमीन विवाद में गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, घटना में छह लोग गंभीर रूपये से घायल हो गए।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने छापेमारी कर एक बाल मजदूर को मुक्त कराकर बाल सुधार गृह को सौंप दिया।

---

मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र की पुलिस ने 810 लीटर नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

राज्य स्तरीय अंतर जिला विद्यालय बालिका एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का ओवर ऑल खिताब पटना ने जीता है। टीम ने कुल छियासी अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र की टीम ने चौवालीस अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। पटना की टीम ने नौ स्वर्ण, बारह रजत और पांच कांस्य पदक जीता है। यह प्रतियोगिता पाटलिपुत्र स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स में खेली गयी।

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने तिरूपति मंदिर के प्रबंधन के हवाले से लिखा है– तिरूपति मंदिर के लड्डू पूरी तरह से शुद्ध।

दैनिक जागरण ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी के शपथ ग्रहण को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– आतिशी ने पांच मंत्रियों के साथ ली दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ।

दैनिक भास्कर ने केन्द्र सरकार के एक निर्णय पर लिखा है– रेल हादसे की साजिश रची तो देशद्रोह का केस। केन्द्र सरकार रेलवे एक्ट में संशोधन की तैयारी में।

प्रभात खबर ने कृषि विभाग में वित्तीय अनियमितता पर कार्रवाई में लापरवाही पर लिखा है– गबन के आरोपियों पर कार्रवाई में लग गये दस साल, कई तो सेवा निवृत हो गये। आज अखबार ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– राजनीति में आप तुनक मिजाज नहीं हो सकते।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रदेश की विभिन्न नदियों के जलस्तर में उतार–चढाव के बीच भागलपुर, मुंगेर, लखीसराय और बेगूसराय जिले के नये इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

02. जमालपुर–भागलपुर रेलखंड पर पानी आने से पटना–दुमका समेत चार रेलगाड़ियां रद्द। कई रेलगाड़ियों के मार्ग बदले।

03. प्रदेश में जमीन सर्वे के दस्तावेजों को तैयार करने के लिए रैयतों को तीन महीने की मोहलत मिलेगी।

04. और, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– राज्य में अगले नब्बे दिन में चार सौ करोड़ रूपये की लागत से एक सौ दस नये अस्पतालों का उद्घाटन होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।